## जनपद हमीरपुर

## दिनांक 07.08.2026

**हत्या की घटना का 24 घंटे से भी कम समय में सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित।**

अवगत कराना है कि दिनांक 29.07.2026 को थाना ललपुरा पुलिस को थाना क्षेत्र के पौथिया के पास सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना ललपुरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट टीम एवं डॉग स्क्वायड की सहायता से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। अज्ञात महिला की पहचान की गई एवं मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर थाना ललपुरा पर मु0अ0सं0 74/2026 धारा 103(1) बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीमों ने घटना में संलिप्त मृतका के पति सहित 04 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा घटना में प्रयुक्त वाहन को भी बरामद किया गया एवं सम्बन्धित चारों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

आज दिनांक 07.08.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा उक्त हत्याकांड का 24 घण्टे से भी कम समय में सफल अनावरण कर, सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रयुक्त वाहन की बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह सफलता थाना ललपुरा पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस सेल के बीच उत्कृष्ट समन्वय, तकनीकी दक्षता, त्वरित कार्रवाई तथा टीमवर्क का परिणाम है। इस प्रकार की प्रभावी कार्यवाही से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होती है तथा पुलिस की सकारात्मक छवि सुदृढ़ होती है।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सराहनीय, कर्तव्यनिष्ठ एवं उत्कृष्ट कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर भी उपस्थित रहे।

**सम्मानित पुलिस टीम-**

निरीक्षक राकेश कुमार सरोज, प्रभारी निरीक्षक थाना ललपुरा

उपनिरीक्षक सचिन शर्मा, प्रभारी एसओजी

उपनिरीक्षक कृष्ण देव त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस सेल

उपनिरीक्षक आदित्य सक्सेना, थाना ललपुरा

मुख्य आरक्षी विपिन कुमार मिश्र, थाना ललपुरा

आरक्षी कृष्ण कुमार गुप्ता, सर्विलांस सेल

आरक्षी सुरेन्द्र मिश्रा, एसओजी

आरक्षी अतुल कुमार, एसओजी








